# केस स्टडी-19/2024

जारी तिथि : 02.09.2024

**घटनाक्रम:-** दिनांक 30.08.2024 को लोको क्र. 30577/WAP-7/RPM (Cab-1), ट्रेन क्र. 12616, सेक्शन: ET-NGP में कार्य करते समय ET (W.C.Rly) स्टेशन पर चार्ज लेते समय पाया कि एक्सल बॉक्स क्र. 2 के पास व्हील क्र. 2 का व्हील सेट गाइड रॉड का 1 बोल्ट मिसिंग है, TRS/ET द्वारा GI वायर से उसे Secured किया गया। परंतु कर्मीदल ने TLC नागपुर को इसकी सूचना दिये बिना गाड़ी स्टार्ट कर दी। नागपुर TLC द्वारा संरक्षा की दृष्टि से अमला स्टेशन पर लोको को फेल किया गया, कर्मीदल द्वारा नागपुर TLC को बगैर बताये डिफेक्टीव लोको का चार्ज लेने की वजह से गाड़ी की पंक्चुलिटी लॉस हो गई।







**कारण:-** कर्मीदल द्वारा TLC नागपुर को सूचना दिये बिना गाड़ी स्टार्ट करना।

## संभावित स्थिति एवं सबक:-

- ✓ सभी LPs और ALPs को निर्देश दिया जाता है कि लोको का चार्ज लेते समय व प्रत्येक रुकौनी पर /अन्य अवसरों पर जब भी उन्हें मौका मिले तो इंजन के अन्डर ट्रक की गहन जांच करें।
- ✓ सुनिश्चित करें कि अंडर फ्रेम में लगे सभी उपकरण सही तरीके से अपनी जगह पर हैं और कोई भी उपकरण/ असामान्य तरीके से लटका हुआ नहीं है।
- ✓ सुनिश्चित करें कि अंडर फ्रेम में कोई उपकरण कहीं से क्रेक या टूटा हुआ तो नहीं है।
- ✓ सामान्य जांच और ट्रिप परीक्षणों /आउट पीट परीक्षणों में अंडर गियर उपकरणों की फाउंडेशन की सही फिटिंग्स के लिए उनकी बरीकी से जांच करें।
- ✓ कोई भी असामान्यता दिखने पर TLC को तुरंत सूचना दें और TLC के निर्देशानुसार आगे काम करें।
- ✓ गाड़ी संचलन हेतु लोकोमोटिव तैयार करते समय अंडरफ्रेम में किन किन उपकरणों की जांच करनी है, इसकी विस्तृत जानकारी हेतु **TRO Drive 01/2022** में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।